हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 11सितम्बर 2024, समय 1810 (10 मिनट))

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी महत्वपूर्ण है।
- केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि हरित हाइड्रोजन के उत्पादन से अमोनिया और प्राकृतिक गैस के आयात में कमी आयेगी।
- केंद्र सरकार ने खालिस्तानी समर्थक समूह 'सिख्स फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ाया।
- आम आदमी पार्टी ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की।
- हरियाणा में आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा, सांसद रणदीप सुरजेवाला, पूर्व गृहमंत्री अनिल विज और वित्त मंत्री जेपी दलाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

*************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन वैश्विक चिंताएं हैं और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी महत्वपूर्ण है।ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सहयोग से उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और बुनियादी ांचे के निर्माण में तेजी से प्रगति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह महसूस किया जा रहा है कि जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य का मामला नहीं है बल्कि इसका प्रभाव इस समय भी देखा जा रहा है।
श्री मोदी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता वैश्विक नीति के निर्माण के लिए हो रहे विचार-विमर्श का केंद्र बन गये हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक स्वच्छ और हरित धरती बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा पर अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाले जी-20 देशों में भारत पहला है। उन्होंने बताया कि ये प्रतिबद्धताएं 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले ही पूरी कर ली गईं।इस अवसर पर केंद्रीय नवीन

एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन का उत्पादन देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन के उत्पादन से अमोनिया और प्राकृतिक गैस के आयात में कमी आएगी और वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन □ाई करोड़ टन तक कम होगा। श्री जोशी ने कहा कि इससे लगभग आठ लाख करोड़ रुपये तक का निवेश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इससे लगभग छह लाख नौकरियां सृजित होंगी।

*************

केंद्र सरकार ने खालिस्तानी समर्थक समूह 'सिख्स फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत लगाया गया है।सरकारी अधिसूचना के अनुसार, संगठन ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहा है जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। केंद्र ने 2019 में संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था।

*************

आम आदमी पार्टी ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की।पार्टी ने अंबाला छावनी से राजकौर गिल, यमुनानगर से ललित त्यागी, लाडवा से जोगा सिंह, कैथल से सतबीर गोयत, करनाल से सुनील बिंदल और पानीपत ग्रामीण से सुखबीर मलिक को अपना प्रत्याशी बनाया है।गन्नौर से सरोज बाला राठी, सोनीपत से देवेंद्र गौतम, गोहाना से शिव कुमार रंगीला, बरौदा से संदीप मलिक, जुलाना से कविता दलाल, सफीदों से निशा देशवाल, टोहाना से सुखविंदर सिंह गिल और कालांवाली से जसदेव निक्का को चुनाव मैदान में उतारा है तो सिरसा से श्याम मेहता, उकलाना से नरेंद्र उकलाना, नारनौंद से राजीव पाली, हांसी से राजेंद्र सौरखी, हिसार से संजय सतरोदिया, बादली से हैप्पी लोहचब, गुड़गांव से निशांत आनंद को टिकट दिया गया है।

*************

हरियाणा में आज नामांकन दाखिल करने के छठे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विनेश फोगाट, वित्त मंत्री जे.पी दलाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गढ़ी सांपला किलोई हलके से कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर दीपेंद्र सिंह हुड्डा उनके साथ रहे। एक रिपोर्ट:-

(नामांकन दाखिल करने के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है और जनता का आशीर्वाद भी उनके साथ है। उन्होंने कहा कि वे, पूरे प्रदेश में कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। श्री हुड्डा ने कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण को लेकर विरोध की बात से इंकार किया और कहा कि कांग्रेस में सीट के लिए करीब □ाई हज़ार लोगों ने आवेदन

किया था और सबको टिकट मिलना संभव नहीं है। उन्होंने कांग्रेस की जीत का दावा किया। उल्लेखनीय है कि इस सीट से भूपेंद्र सिंह हुड्डा को टक्कर देने के लिए भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती मंजू हुड्डा चुनाव मैदान में हैं। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार,चंडीगढ़।)

कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कैथल से नामांकन पत्र भरा। इस से पहले, उन्होंने भाई उदय सिंह किले पर एक जनसभा को भी संबोधित किया। बरवाला से बीजेपी उम्मीदवार विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने भी आज अपना नामांकन पर्चा भरा। इस दौरान उन्होंने एक रोड शो भी निकाला। इस अवसर पर बीजेपी नेता कुलदीप बिश्नोई उनके साथ रहे।पंचकूला से बीजेपी प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर, भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया और उनके समर्थक मौजूद रहे। वहीं कालका विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने अपने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा दाखिल किया। हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी से नामांकन पत्र भरा और उम्मीद जताई कि अंबाला छावनी के विवेकशील मतदाता उन्हें सातवीं बार भी जीत दिलाएंगे। अंबाला छावनी से इनेलो उम्मीदवार ओमकार सिंह और दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। पिहोवा विधानसभा क्षेत्र से आज बीजेपी प्रत्याशी जय भगवान शर्मा, जेजेपी प्रत्याशी सुखविंदर कौर और संयुक्त संघर्ष पार्टी के गुरनाम सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं शाहबाद से बीजेपी प्रत्याशी सुभाष कलसाना ने नामांकन भरा और एक जनसभा को भी संबोधित किया।

हरियाणा के वित्त मंत्री जे.पी दलाल ने लोहारू और बीजेपी उम्मीदवार रेणु डाबला ने कलानौर सीट से नामांकन पर्चा भरा। कलानौर में मुख्यमंत्री नायब सिंह बीजेपी प्रत्याशी के साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पूरे प्रदेश में माहौल भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है।

पलवल से बीजेपी प्रत्याशी गौरव गौतम ने नामांकन पत्र भरा। उन्होंने शहर में रोड़ शो भी निकाला। बवानीखेड़ा हलके से बीजेपी उम्मीदवार कपूर वाल्मीकि ने बीजेपी सांसद किरण चौधरी की उपस्थिति में नामांकन पत्र भरा। श्रीमती किरण चौधरी ने अभी तक कांग्रेस का टिकट वितरण न हो पाने पर कहा कि कांग्रेस में कोई संगठन नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भिवानी ज़िले की चारों सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।भिवानी हलके से भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के साझा उम्मीदवार कामरेड ओम प्रकाश, और कांग्रेस प्रत्याशी अभिजीत जबकि नलवा हलके से जेजेपी उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने हिसार में नामांकन पत्र दाखिल किया। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने आज जुलाना में दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया।आज कैथल ज़िले में पुंडरी हलके से चार आजाद

उम्मीदवारों, गुहला हलके से जेजेपी के कृष्ण कुमार और कलायत हलके से बीजेपी प्रत्याशी कमलेश □ांडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कैथल हलके से जेजेपी के संदीप गढ़ी ने भी अपना नामांकन किया।रोहतक विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार बिजेंद्र हुड्डा, चरखी दादरी से तीन और बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

*************

करनाल में आज भारतीय जनता पार्टी  के साथ-साथ कांग्रेस व अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवारों का नामांकन भरवाने के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल विशेष  मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में मनोहरलाल ने कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि कांग्रेस ने अब तक आधी से भी कम उम्मीदवारों की सूची जारी की है और बहुत से उम्मीदवारों ने आजाद प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। ऐसे में हरियाणा में बहुत रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी हरियाणा में तीसरी बार फिर से सरकार बनाएगी।

*************

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में आज भिवानी के चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली को कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए अच्छी पुस्तकें सकारात्मकता एवं सामाजिक जुड़ाव पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान, नारा लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

*************

दुबई में हाल ही में हुई एशिया जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली भिवानी ज़िले के गांव कालूवास की बेटी जॉनी को गांव खड़क कलां में सम्मानित किया गया।
जॉनी कालूवास ने 46 किलोग्राम भार वर्ग में जीत दर्ज कर, यह पदक हासिल किया। ग्राम पंचायत राजान पाना की सरपंच ऊषा देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 36 बिरादरी के लोगों ने विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया।

*************